an>

Title: Need to conduct an inquiry into alleged irregularities in appointment of teachers in Indian Institute of Technology, Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र अकबरपुर, उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर नगेर में स्थित भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान (आई.आई.टी) सम्पूर्ण देश में चल रहे भारतीय प्रोद्यौगिक संस्थानों में से सबसे बड़ा शिक्षण संस्थान है एवं शिक्षा के क्षेत्र में जनपद कानपुर नगर का गौरव है। आई.आई.टी. कानुपर में शिक्षण हेतु देश – विदेश से छात्र एवं छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान, कानपुर से शिक्षित छात्रों का पूरे विश्व में वर्चस्व फैला हुआ है। सादर सूत्य हो कि ऐसे सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान में विगत कुछ वर्षों से शिक्षकों की चयन प्रकिया में काफी अनियमितताएं हो रही हैं एवं अन्य नियुक्तियों में आर्थिक अनियमितताएं हो रही हैं जिसके कारण सर्वोत्तम एवं अनुभवी शिक्षक संस्थान में न होने के कारण शिक्षा की गुणवत्ता शिथिल होती जा रही है एवं शिक्षण हेतु आये छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है शिक्षकों की चयन प्रक्रिया में कथित रूप से मनमाने ढंग से अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें इन्क्रीमेंट दिया जा रहा है एवं कई शिक्षक अभ्यर्थियों की नियुक्ति तो जातिगत आधार पर की गयी है और कई विभागों में रिक्त पदों से अत्यधिक कम भर्तियां की गयी हैं। तात्पर्य यह कि विभागों में शिक्षकों को मनमाने ढंग से भर्ती किया गया है जिसके कारण संस्थान में शिक्षण कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से नहीं चल पा रहा है जिसके चलते छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकार में जाता प्रतीत हो रहा है। उक्त प्रकरण के संबंध में मैंने माननीय मंत्री महोदया को भी अवगत कराया है।

अतः सरकार से आग्रह है कि उक्त शिक्षण संस्थान में शिक्षक पदों पर की गयी नियुक्तियों के साथ की गयी अन्य नियुक्तियों की उच्च स्तरीय समित के द्वारा जांच कराये जाने हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश निर्गत करने की कृपा करें जिससे संस्थान में शिक्षण हेतु आने वाले छात्र एवं छात्राओं को उच्च शिक्षा का लाभ मिल सके।